# 2021
# HINDI

*Total marks : 80* *Time : 3 hours*

***General Instructions:***
*i) Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*
*ii) The question paper consists of 25 main questions. All questions are compulsory*
*iii) Marks are indicated against each question*
*iv) Internal choice has been provided in some questions.*
***N.B: Check that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## खण्ड - क ( पठन परीक्षण)

1. **निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-**

सच्चा उत्साह वही होता है, जो मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरणा देता है। मनुष्य किसी भी कारण वश जब किसी के कष्ट को दूर करने का संकल्प करता है, तब जिस सुख को वह अनुभव करता है, वह सुख विशेष रूप से प्रेरणा देने वाला होता है। किसी भी कार्य को करने के लिए मनुष्य में कष्ट, दुःख या हानि को सहन करने की ताकत आती है, उन सबसे उत्पन्न आनन्द ही उत्साह कहलाता है। उदाहरण के लिए दान देने वाला व्यक्ति निश्चय ही अपने भीतर एक विशेष साहस रखता है और वह है धन-त्याग का साहस। सही त्याग यदि मनुष्य प्रसन्नता के साथ करता है, तो उसे उत्साह से किया गया दान कहा जाएगा। उत्साह आनन्द और साहस का मिला-जुला रूप है। उत्साह में किसी न किसी वस्तु पर ध्यान आवश्य केन्द्रित होता है - वह चाहे कर्म पर, चाहे कर्मफल पर और चाहे फिर किसी व्यक्ति या वस्तु पर हो। इन्ही के आधार पर कर्म करने में आनंद मिलता है। कर्म भावना से उत्पन्न आनंद का अनुभव केवल सच्चे वीर ही कर सकते हैं, क्योंकि उनमें साहस की अधिकता होती है। सामान्य व्यक्ति कार्य पूरा हो जाने पर जिस आनंद का अनुभव करता है, सच्चा वीर कार्य प्रारंभ होने पर ही उसका अनुभव कर लेता है। आलस्य उत्साह का सबसे बड़ा शत्रु होता है। जो व्यक्ति आलस्य से भरा होता है, उनमें काम करने के प्रति उत्साह कभी उप्तन्न नहीं हो सकता। उत्साही व्यक्ति असफल होने पर भी कार्य करता रहता है। उत्साही व्यक्ति सदा दृढ़-निश्चयी होता है।

क) उत्साह का सबसे बड़ा शत्रु कौन है ? 1
ख) उत्साह किनका मिला-जुला रूप है ? 1
ग) साहस की अधिकता किस प्रकार के व्यक्ति में होती है ? 1
घ) दान देने वाला व्यक्ति अपने भीतर कौन सा साहस रखता है ? 1
ङ) सच्चा उत्साह किसे कहा जा सकता है? 1
च) किस प्रकार का व्यक्ति असफल रहने पर भी कार्यरत रहता है ? 1
छ) कर्मभावना से उत्पन्न आनंद का अनुभव कौन कर सकता है ? 1
ज) उत्साह में व्यक्ति का ध्यान किस पर केन्द्रित होता है ? 1
झ) 'वीर' शब्द का एक समानार्थी शब्द लिखिए । 1
ञ) 'सामान्य' का विलोम शब्द लिखिए । 1

## खण्ड - ख (संस्चना)

2. **किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 से 150 शब्दों में लिखिएः-** 6

क) माना कि आपका नाम मोहन / मीरा है। अपने विद्यालय के पुस्तकालय में 'फर्नीचर' की कमी को व्यक्त करते हुए उन्हें बढ़ाने के लिए अपने प्रधानाध्यापक को एक आवेदन पत्र लिखिए।

**अथवा**

ख) स्वच्छता ही नागरिकों के चरित्र का प्रतिबिंब होता है, इस बात को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता का महत्व विषय पर अपने विद्यालय के प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में बोलने के लिए एक भाषण लिखिए।

**3. किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिएः-** 4

क) मान लीजिए कि आप अपनी पुरानी कार बेचना चाहते हैं। इस हेतु दैनिक समाचार पत्रों के 'विक्रय हेतु' अनुभाग में प्रकाशित करने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

ख) मान लीजिए कि आपके विद्यालय में 'सत्यम पब्लिकेशन' की ओर से पुस्तक प्रदर्शनी लगने वाली है। इसकी निश्चित तिथि एवं स्थान की जानकारी देने के लिए आप-यानी सोहन/कमला छात्र संघ के सचिव होने के नाते से एक सूचना लिखिए।

## खण्ड - ग (व्याकरण एवं अनुवाद)

**4. निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएः**

गगन, फूल । 2x1=2

**5. दिए गए शब्दों का संधि विच्छेद कीजिएः** 2x1=2

अत्यूष्म, नयन ।

**6. दिए गए सामासिक पदों का विग्रह कीजिएः** 2x1=2

नीलकंठ, अष्टभुज।

**7. दिए गए मुहावरों का अर्थ वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए।** 2x1=2

चंगुलसे छूटना, गोद हरी न होना ।

**8. रस के अनुसार स्थायी भाव किसे कहते है? किन्हीं दो स्थायी भावों के नाम लिखिए।** 1+1=2

**9. यमक अलंकार किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।** 1+1=2

**10. हिंदी में अनुवाद कीजिएः** 3

Honesty implies being truthful. Honesty means to develop a practice of speaking truth, throughout life. A person who practice honesty in his/her life, possess strong moral character. Honest people are sincere, trustworthy and loyal.

## खण्ड - घ ( साहित्य)

### गद्य भाग

**11. 'जामुन का पेड़' पाठ के अनुसार पेड़ के नीचे दबा हुआ व्यक्ति कौन था?** 1

**12. 'भई यह भी मंदिर है, यहाँ भी दान-पुण्य करना पड़ता है' - के माध्यम से लेखक ने दफ्तरों की किस सच्चाई को उजागर किया है?** 2

**13. शामनाथ माँ को हरिद्वार भेजने के लिए क्यों राज़ी नही हुआ था?** 2

**14. 'भोलाराम का जीव' पाठ के लेखक ने मंदिर तथा दफ्तर की तुलना किस प्रकार की है?** 3

**15. पत्नी की मृत्यु के एक वर्ष बाद जब चेंतिबा अपने कुत्ते को लेकर शिकार पर गया तो जंगल में क्या घटना घटी?** 3

**16. निम्न कथन किसने किससे और किस संदर्भ में कहा है -** 1+1+2=4

"वाह! तुम माँ और बेटे की बातों में मैं क्यों बुरी बनूँ? तुम जानो और वह जाने।"

**17. (अ) 'अधूरा मिलन' - नामक कहानी कों संक्षेप में लिखिए ।** 5

**अथवा**

**(ब) निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

थोड़ी ही देर में सेक्रेटरियेट में यह अफवाह फैल गई कि दबा हुआ आदमी शायर है। बस, फिर क्या था, लोगों के झुंड का झुंड शायर को देखने के लिए उमड़ पड़ा। इसकी चर्चा शहर में भी फैल गई और शाम तक गली-गली से शायर जमा होने लगे। सेक्रेटरियेट का लॉन भाँति-भाँति के कवियों से भर गया और दबे हुए आदमी के चारों ओर कवि-सम्मेलन का- सा वातावरण उत्पन्न हो गया। कुछ शायर दबे हुए आदमी को अपनी कविताएँ और दोहे सुनाने लगे। कई क्लर्क उसको अपनी कविता पर आलोचना करने को मजबूर करने लगे।

क) सेक्रेटरियेट में कौन सी अफवाह फैल गई ? (1)

ख) शायर को देखने के लिए कौन उमड़ पड़े? (1)

ग) सेक्रेटेरियेट का लॉन किस प्रकार के लोगों से भर गया? (1)

घ) दबे हुए आदमी के चारों ओर कैसा वातावरण उत्पन्न हो गया ? (1)

ड) कुछ शायर दबे हुए व्यक्ति को क्या सुनाने लगे ? (1)

## पद्य भाग

**18. कबीर के अनुसार ईश्वर कहाँ वास करते हैं ?** 1

**19. कवि को किसान की आँखें देखकर कयों डर लगता है?** 2

**20. 'लघु जीवन लेकर आएँ हैं', प्याले टूटा ही करते हैं, - से कवि का क्या तात्पर्य है ?** 3

**21. वह स्वाधीन किसान रहा**
अभिमान भरा आँखों में इसका ।

क) यह पंक्ति किस कविता से ली गई है ? 1

ख) इस कविता के रचयिता कौन हैं ? 1

ग) दिए गए पंक्तियों का आश्य स्पष्ट कीजिए । 2

**22. किसी एक पद्याँश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए** 5

क) यह तन बिष की बेलरी, गुरु अमृत की खानि ।
सीस दिये जो गुरू मिलैं, तो भी सस्ता जान ।।

ख) अम्बर के आँगन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले,
पर बोलो, टूटे तारों पर,
कब अम्बर शोक मनाता है।

## कथा साहित्य

**23. 'गबन' उपन्यास के अनुसार जालपा कौन थी और उसे किस चीज़ से अत्यधिक लगाव था ?** 2

**24. 'गबन' उपन्यास का आरंभ यथार्थ से होता है, परंतु अंत में उसके सभी पात्र आदर्शवादी हो जाते हैं। इस कथन की समीक्षा कीजिए।** 3

**25. क) प्रेमचन्द जी ने गबन उपन्यास में रतन एवं पं. इंदुभूषण के उदाहरण से अनमेल विवाह के दुष्परिणाम को दर्शाया है - इस कथन पर अपना मत दीजिए।** 5

**अथवा**

**ख) दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रशों के उत्तर दीजिए-**

नाटक उस वक्त पास होता है, जब रसिक समाज उसे पसंद कर लेता है। बरात का नाटक उस वक्त पास होता है, जब राह

चलते आदमी उसे पसन्द कर लेते हैं। बरात की परीक्षा के लिए केवल कुछ ही मिनटों का समय लगता है। अगर सबके मुँह से 'वाह-वाह' निकल गया तो पास, नहीं तो फेल । रूपया, मेहनत, फिक्र सब अकारथ। दयानाथ का तमाशा पास हो गया। गाँव में अब अव्वल दर्जे का व्यक्ति बन गया था।

(i) नाटक के पास होने की क्या शर्त होती है? (1)

(ii) बरात का नाटक कब पास होता है? (1)

(iii) गद्यांश में किसके बरात का प्रसंग है? (1)

(iv) दयानाथ गाँव में किस दर्जे का व्यक्ति बन गया ? (1)

(v) 'अकारथ' का क्या अर्थ होता है? (1)

****************